<u>उच्च न्यायालय उत्तराखंण्ड</u>
<u>सूचना</u>

राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड पोर्टल (NJDG) का 19 सितम्बर 2015 को सार्वजनिक उपयोग के लिए उद्घाटन किया गया।

राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड पोर्टल (NJDG) के उपयोग से कोई भी व्यक्ति राष्ट्रीय डेटा ग्रिड पोर्टल (www.ecourts.gov.in) पर जाकर देश भर के जिला न्यायालयों में लंबित दीवानी/फोजदारी मुकदमो के आकड़ें, न्यायालय/ न्यायाधीश/ राज्य तथा देश के सापेक्ष प्राप्त कर सकता है। उपरोक्त सभी आकड़ें सम्बंधित न्यायालय परिसर से हर रोज अद्यतन (update) किये जाते है।

उपरोक्त सभी आकड़ें पोर्टल पर ड्रिल–डाउन (Drill-down) तरीके से प्रदर्शित किये गये है, जैसे कि राष्ट्रीय लंबित मामलों पर क्लिक करने से अगला पृष्ठ खुलता है जो कि राज्य अनुसार लंबित मामलों के आकड़ें दिखाता है। इसी प्रकार आगे बढ़ने से किसी भी मुकदमे से सम्बंधित सूचना राज्य से जिला, जिले से न्यायालय परिसर तथा परिसर से एकल न्यायालय स्तर तक प्राप्त की जा सकती है।

उपरोक्त आकड़ों को देश भर में इंटरनेट के किसी भी माध्यम जैसे कि पीसी (Personnel Computer), लेपटॉप(Laptop) , मोबाईल(Mobile Phone) या टेबलेट(Tablet Computer) द्वारा प्राप्त किया जा सकता है।

उपरोक्त पहल न्यायपालिका के सिद्वांत जो कि पारदर्शिता और हर सम्बंधित व्याक्ति तक

सूचना पहुचाने का समर्थन करता है, के अनुक्रम में है।